**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1600**
**मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023/21 अग्रहायण, 1945 (शक) को उत्तरार्थ**

**वीएएमआईएनआईसीओएम द्वारा किया गया योगदान**

**1600. श्री रविन्दर कुशवाहा:**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वीएएमआईएनआईसीओएम ने सार्वजनिक क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने में कोई महत्वपूर्ण योगदान दिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क) और (ख): वर्ष 1967 में स्थापित वैमनीकॉम (वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान) सहकारिता के क्षेत्र में शिक्षा, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, अनुसंधान और परामर्श कार्य सक्रिय रूप से प्रदान कर रहा है तथा राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय सहकारी समितियों, केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के सहकारी विभागों, इत्यादि की आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है ।

वैमनीकॉम सहकारी समितियों और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के कर्मियों को सक्रिय रूप से प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है । वर्ष 2019-20 और 2023-24 (नवंबर, 2023 तक) के मध्य 444 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सहकारी क्षेत्र के 16,647 प्रतिभागियों को तथा 193 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकार, इत्यादि के 11,337 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है ।

वर्ष 1995 से ही वैमनीकॉम कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान कर रहा है । यह सहकारी समितियों और राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों की सहकारी विभागों में सेवारत मध्यम-स्तरीय प्रबंधकों के लिए सहकारी व्यवसाय प्रबंधन डिप्लोमा और कंप्यूटर प्रचालन प्रबंधन डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है ।

वैमनीकॉम में अनुसंधान और प्रकाशन केंद्र नामक एक अनुसंधान केंद्र है, जोकि विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन करता है जो नीति पक्ष-समर्थन, प्रशिक्षण और शिक्षण हेतु पृष्ठभूमि सामग्री के रूप में काम करता है । इसके अलावा, वैमनीकॉम सहकारी समितियों के विभिन्न सेक्टरों के लिए परामर्शी सेवाएँ प्रदान करता है ।

*****